# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री जय प्रकाश पुत्र श्री रामबल गुर्जर ग्राम मुण्डकस्या पो0 मुण्डकस्या तहसील व जिला दौसा राजस्थान

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी, दौसा

अपील सं0 39/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 14.08.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी जिला रसद अधिकारी, दौसा से सूचना/नकल हेतु दिनांक 11.06.2018 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी जिला रसद अधिकारी, दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी, दौसा द्वारा उनके पत्रांकः रसद/आरटीआई/2018/216 दिनांक 25.07.2018 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराया है कि आवेदक के मूल आवेदन पत्र पर आवेदक के हस्ताक्षर नहीं होने के कारण आवेदन पत्र खारिज किया जाकर आवेदक को सूचना भिजवाई जा चुकी है।

हॉलाकि जिला रसद अधिकारी, दौसा द्वारा प्रेषित जवाब के संलग्न आवेदक के आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर नहीं है किंतु न्याय हित में आवेदक को सूचना उपलब्ध करवाया जाना उचित प्रतीत होता हैं। आवेदक को निर्देशित किया जाता है कि वे पुनः वॉछित सूचना हेतु जिला रसद अधिकारी, दौसा को अपना हस्ताक्षरयुक्त प्रा0 पत्र प्रेषित करें जिससे सूचना उपलब्ध करवाई जा सकें।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक रुप से स्वीकार की जाती है। जिला रसद अधिकारी, दौसा को निर्देश दिये जाते है कि आवेदक का आवेदन पत्र प्राप्त होने पर आवेदक को वॉछित सूचना/नकल 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official